Annual Athletic Meet 2022-23

Report : 16th February 2023

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में आज 20वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत मुख्य अतिथि बंजार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जोगिंदर सिंह ठाकुर के उद्बोधन से हुई,जिसमें उन्होंने छात्र-छात्राओं को जीवन में खेलों के महत्व व नशाखोरी की विसंगतियों से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जिसमें महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ में करिश्मा ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय तथा छाया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में अंजलि प्रथम, करिश्मा द्वितीय और अंजना तृतीय रहीं। 500 मीटर दौड़ में अंजलि पहले, कौशल्या दूसरे और अंजना तीसरे स्थान पर रहीं।

पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में धविंदर पहले, ज्योतिरादित्य दूसरे और हिमांशु तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में विजय राज पहले, रविंदर दूसरे और भाग सिंह तीसरे स्थान पर रहे। 500 मीटर दौड़ में भागसिंह प्रथम, सचिन द्वितीय तथा दिनेश तृतीय स्थान पर रहे।

महिलाओं की ऊंची कूद में मोना ने पहला, प्रियंका ने दूसरा और रजनी ने तीसरा स्थान हासिल किया। ऊंची कूद पुरुष वर्ग में देवेंद्र प्रथम, ज्योतिरादित्य द्वितीय और विकास तृतीय स्थान पर रहे।

लंबी कूद महिला वर्ग में हर्षा पहले, पल्लवी ठाकुर दूसरे और मोना तीसरे स्थान पर रहीं। लंबी कूद पुरुष वर्ग में प्रेम सिंह प्रथम, भूपेंद्र ठाकुर द्वितीय व देवेंद्र सिंह तृतीय रहे।

महिला गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रियंका चौहान ने प्रथम, बबली ने द्वितीय तथा रजनी ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुषों के गोला फेंक वर्ग में मिनेश पहले, रवींद्र ठाकुर दूसरे और नरेश ठाकुर तीसरे स्थान पर रहे।

गतिविधियों के आयोजन में डॉ. योगराज, प्रोफेसर लीना वैद्य, डॉ. दुनी चंद, डॉ. हेमलता, डॉ. डाबे राम, डॉ. श्रवण, प्रोफेसर अतुल चौधरी, डॉ. विकास, प्रोफेसर टीकम राम, प्रोफेसर विकास और प्रोफेसर ईशान आदि का अहम योगदान रहा।

Annual Athletic Meet 2022-23

Annual Athletic Meet 2022-23

100 मीटर दौड़ में करिश्मा, धविंद्र रहे अव्वल

बंजार कॉलेज में 20वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

लंबी कूद में हर्षा और प्रेम सिंह ने मारी बाजी

संवाद न्यूज एजेंसी

बंजार/कुल्लू। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में 20वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पुरुष और महिला वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता करवाई गई।

इनमें दौड़, लंबीकूद, ऊंचीकूद आदि प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. जोगिंद्र सिंह ठाकुर ने किया। महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ में करिश्मा प्रथम, अंजलि द्वितीय तथा छाया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी वर्ग की 200 मीटर दौड़ में अंजलि, करिश्मा, अंजना, 500 मीटर दौड़ में अंजलि, कौशल्या, अंजना क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहीं। ऊंची कूद में मोना प्रथम, प्रियंका द्वितीय और रजनी तृतीय रहीं। लंबी कूद में हर्षा पहले, पल्लवी ठाकुर दूसरे और मोना तीसरे स्थान पर रहीं। गोला फेंक में प्रियंका चौहान प्रथम, बबली द्वितीय और रजनी ठाकुर तृतीय रहीं।

पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में धविंद्र पहले, ज्योतिरादित्य दूसरे और हिमांशु तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में विजय राज पहले, रविंद्र दूसरे और भाग सिंह तीसरे स्थान पर रहे।

500 मीटर दौड़ में भाग सिंह प्रथम, सचिन द्वितीय और दिनेश तृतीय रहे। ऊंची कूद में देवेंद्र पहले, ज्योतिरादित्य दूसरे और विकास तीसरे स्थान पर रहे। लंबी कूद में प्रेम सिंह प्रथम, भूपेंद्र ठाकुर द्वितीय और देवेंद्र सिंह तृतीय रहे। गोला फेंक में मिनेश, रवींद्र ठाकुर और नरेश ठाकुर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान डॉ. योगराज, प्रो. लीना वैद्य, डॉ. दुनी चंद, डॉ. हेमलता, डॉ. डाबे राम, डॉ. श्रवण, प्रो. अतुल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

कुल्लू जिले के बंजार कॉलेज में 20वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में ऊंची कूद लगाता विद्यार्थी। -संवाद